

**मामला निजी जमीन का** ▶ **कलेक्टर-निगमायुक्त के दरबार में नागरिकों ने की शिकायत**

# बिल्डर ने आधे रास्ते में रोक दिया सड़क निर्माण

**गजरथ नगर से भूकंप कॉलोनी की ओर निकलती है सड़क**

**जमीन के दावे के बीच में फंसा पेंच**



**नवभारत,जबलपुर।** गजरथ नगर एवं भूकंप कॉलोनी के रहवासियों का समूह पार्थ डेवलपर के मनीष सोनी के खिलाफ लामबंद हो गया है। वजह...गजरथ नगर से भूकंप कॉलोनी की ओर जाने वाली सड़क निर्माण को आधे रास्ते में रोक देना। जहां एक ओर मनीष सोनी ने अपनी जमीन होने का दावा करते हुए सड़क निर्माण पर रोक लगा दी है तो वहीं दूसरी तरफ गजरथ नगर, भूकंप कॉलोनी के रहवासियों ने डेवलपर के खिलाफ कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के दरबार में शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। बताया जा रहा है कि करीब 15 से 20 दिनों से सड़क निर्माण कार्य रोक दिया गया है जिसका अब स्थानीय जन विरोध कर रहे हैं। उधर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी ये कहते नजर आ रहे हैं कि वे निजी जमीन पर सड़क निर्माण पूरा नहीं कर सकते। ऐसे में स्थानीयजनों के सामने परेशानी खड़ी हो गई है। राजेश नागवंशी, शांतनु झारिया, रामलखन सोनी, अनीता ठाकुर, दीपचंद ठाकुर, पूजा तिवारी आरबी तिवारी, अनिकेत पटैल, पप्पू शर्मा, राहुल शर्मा, निशा खान, फिरोज खान, अशोक सहित अन्य स्थानीय रहवसासियों द्वारा कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार को दी गई शिकायत में बताया गया है कि गजरथ नगर से भूकंप कॉलोनी की ओर जाने वाली सड़क निर्माण में पार्थ डेवलपर के मनीष सोनी द्वारा बाधा उत्पन्न की जा रही है जबकि टीएनपीसी नक्शे में रोड छोड़कर उनकी जमीन का नक्शा पास किया गया है और सरकारी नक्शा में भी गजरथ नगर से भूकंप कॉलोनी तक पूरी 20 फीट चौड़ी सड़क जा रही है। कॉलोनीवासियों ने निगमायुक्त, कलेक्टर से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराया जाए और जो निर्माण में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं उनके खिलाफ जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिससे उन्जहें आने-जाने में किसी प्रकार की कोई असुविधा का सामना न करना पड़े। जानकारी के अनुसार गजरथ नगर से ये सड़क सीधे भूकंप कॉलोनी की मुख्य सड़क की ओर निकलेगी।

**पार्थ डेवलपर ने रखा अपना पक्ष**

इस संबंध में पार्थ डेवलपर के मनीष सोनी ने नवभारत को बताया कि मेरे पास जमीन के पूरे कागज हैं और जहां से गजरथ नगर वासी सड़क निर्माण कर रोड निकालने की बात कह रहे हैं उस हिस्से में मेरे दो प्लॉट आ रहे हैं जिससे मुझे बहुत नुकसान होगा। मैं फिर से सड़क व प्लॉट का मेजरमेंट करा लूंगा और कुछ गुंजाईश बनेगी तो निश्चित ही सड़क के लिए मैं जगह दे दूंगा।

**इनका कहना है**

गजरथ नगर से भूकंप कॉलोनी की ओर निकलने वाली सड़क के बीच में मनीष सोनी की निजी जमीन है जहां से स्थानीय लोग सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। हम लोग शासकीय जमीन पर सड़क बनाने अधिकृत हैं लेकिन निजी जमीन पर सड़क निर्माण करना नियम विरूद्ध है। जमीन मालिक अगर कोई दान पत्र यार सहमति पत्र स्थानीय जनों को देता है तो फिर सड़क निर्माण कार्य शुरू हो सकता है।

**अनूप मिश्रा**
**सब डिवीजनल ऑफिसर**
**लोक निर्माण विभाग**

# समस्या जल्द दूर नहीं हुई तो निगम में की जाएगी तालाबंदी

**कांग्रेस के आह्वान पर कांग्रेस पार्षद दल ने धरना देकर किया प्रदर्शन**

**नगर सत्ता के खिलाफ उठाई आवाज**



**नवभारत,जबलपुर।** शहर में अधिकांश जगह दूषित पेयजल सप्लाई की बात कहते हुए कांग्रेस पार्षद दल ने शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय के सामने धरना देकर प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने नगर की भाजपा सत्ता को चेतावनी देते हुए कहा कि यह तो सांकेतिक धरना प्रदर्शन है। अगर शीघ्र ही सचेत होकर शहर में सप्लाई किये जा रहे दूषित पेयजल की समस्या को दूर नहीं किया जाता है तो कांग्रेस की सभी इकाई मिलकर उग्र आंदोलन करते हुए निगम में तालाबंदी करेगी। इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी, सचेतक अयोध्या तिवारी ने बताया है कि शहर कांग्रेस के आव्हान पर कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा दोपहर 12.30 से 2 बजे तक नगर पालिक निगम जबलपुर मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। यह धरना प्रदर्शन मुख्य रूप से दूषित पानी के वितरण, नालियों के बीच से गुजरती पाईप लाईन, जन स्वास्थ्य से खिलवाड़, माँ नर्मदा के साथ विश्वसघात, महापौर के झूठे वादे, एस.टी.पी. प्लांट का सुचारू रूप से संचालित न होना, अमृत 2.0 के कार्यों में लापरवाही एवं पाईप लाईन बिछाने के दौरान खुदाई में लापरवाही तथा अन्य मुद्दे के संबंध में किया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, सचेतक अयोध्या तिवारी, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी, पार्षद श्रीमती मुकीमा याकूब अंसारी, संतोष दुबे पंडा, कलीम खान, अनुपम जैन ने अपने वक्तव्य दिये एवं अपने वार्डों में सप्लाई किये जा रहे दूषित पेयजल की समस्या पर विचार रखे।

**ये रहे उपस्थित**

धरना प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुडडू नबी, सचेतक अयोध्या तिवारी, पार्षद सर्वश्री श्रीमती मुकीमा याकूब अंसारी, संतोष दुबे पंडा, गुडडू तामसेतवार, अनुपम जैन, सतेन्द्र चौबे, अख्तर अंसारी, मनीष पटेल, श्रीमती प्रीति अमर रजक, कलीम खान, प्रमोद पटेल, हर्षित यादव, गार्गी रामकुमार यादव, मथुरा चौधरी, अदिति अतुल बाजपेई, तुलसा लखन प्रजापति, राकेश पाण्डे, वकील अहमद अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

# बिना तिथि के 14 बैग में रखी 340 किलोग्राम चाय जप्त

**मनोहर चाय आउटलेट्स का खाद्य अधिकारियों ने किया निरीक्षण, मिली गड़बड़ी**



**नवभारत,जबलपुर।** खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने तथा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने शुक्रवार को रामपुर, मेडिकल, चारखम्भा एवं धनवंतरीनगर स्थित मनोहर चाय आउटलेट्स का निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान इन आउटलेट्स में रखे चाय के पैकेट्स में निर्माण तिथि तथा बैच संख्या अंकित नहीं पाई गई। मेडिकल एवं धनवंतरीनगर स्थित मनोहर चाय आउटलेट से चाय के 14 बैग (340 किलोग्राम) जप्त किये गये हैं। जप्त किये गये इन चाय के बैग में लगे लेबल में आवश्यक घोषणाओं का अभाव था। मनोहर चाय आउलेट्स से नमूने एकत्र कर परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल प्रेषित किये गये हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि अभिहित अधिकारी डॉ संजय मिश्रा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने के कारण संबंधितों के विरूद्ध प्रकरण सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

## सिलीगुड़ी पनवेल के बीच अमृत भारत ट्रेन

**जबलपुर।** रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु अमृत भारत ट्रेन पनवेल जंक्शन-अलीपुरद्वार जंक्शन-पनवेल जंक्शन के मध्य साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस एक नई ट्रेन सेवा की शुरुआत की जा रही है। इस नई अमृत भारत ट्रेन का इनॉगरल विशेष सेवा 17 जनवरी को सिलीगुड़ी जंक्शन से पनवेल जंक्शन के मध्य चलाई जा रही है। गाड़ी संख्या 01032 सिलीगुड़ी जंक्शन-पनवेल जंक्शन अमृत भारत इनॉगरल विशेष सेवा आज 17 जनवरी को अपने प्रारम्भिक स्टेशन सिलीगुड़ी जंक्शन से दोपहर 13:44 बजे रवाना होकर, अगले दिन सतना दोपहर 15:00 बजे, कटनी 17:05 बजे, जबलपुर 18:30 बजे, पिपरिया 20:50 बजे, इटारसी 22:40 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन सुबह 11:30 बजे पनवेल जंक्शन पहुंचेगी।

# कृषि विवि की यूडीसी से ऐंठे 28 लाख, पॉलिसियों की राशि दिलाने का झांसा दे लगाया चूना

**जबलपुर।** कृषि विश्वविद्यालय में पदस्थ यूडीसी को पॉलिसियों में जमा राशि दिलाने का झांसा देकर ठगों ने 28 लाख रूपए ऐंठ कर चूना लगा दिया। मामले में अधारताल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक श्रीमति स्नेहा पागे 59 वर्ष निवासी एच 42 कृषि नगर अधारताल लिखित की कि वह वर्तमान में कृषि विश्वविद्यालय में यू डी सी के पद पर कार्यरत है। उसने पूर्व में प्रायवेट बैंको से कुछ अलग अलग पॉलिसी लेते हुये कुल 4,75,000 रूपये जमा किये थे इसके बाद यह समझ आया कि यह उक्त पालिसियां गलत है तब उसके द्वारा उपरोक्त पालिसी में एक किस्त के बाद कोई राशि जमा नही की गई। उक्त जमा राशि को निकालने का कोई प्रयास भी नही किया था। उसके मोबाईल नंबर पर एक मोबाईल नम्बर से काल आया, कॉलर ने अपना नाम रविन्द्र सिंह बतो हुये स्वयं को डी डी मैनेजर बताकर बोला कि आपका डेबिडेंट फंड का पैसा आ गया क्या जिससे उसने कहा कि कि मैने सिर्फ एक बार ही राशि जमा किया है कोई पैसा नही आया उसने पैसा वापस करवाने का भरोस दिया। इसके बाद बातचीत के दौरान उसे बातों में उलझाया गया। उसके मोबाईल पर अंकित धनेजा नाम के व्यक्ति ने फोनकर अपने आप को रविन्द्र का सर बताते हुये उसे यूपीआई और अकाउन्ट नंबर भेजे। उसने अंकित धनेजा के बताये हुये यूपीआई नम्बर एवं एकाउंट नम्बर मे कुल 28 लाख रूपये विभिन्न दिनॉकों को ट्रांसफर किये है। रविन्द्र सिंह मोबाईल व व्हाट्सएप नंबर के माध्यम से बोलता रहा कि आपका पैसा आ जायेगा किंतू आज दिनाँक तक पैसा नही आया। रविन्द्र सिंह एवं अंकित धनेजा नामक व्यक्तियो ने उसे गलत नाम बताकर और उसके व्हाटसअप नंबर पर अपना फर्जी आई डी भेजकर छलपूर्वक लगभग 28,00,000 रूपये अवैध रूप से प्राप्त कर धोखाधड़ी की है।

**रकम ऐंठ मौत का दिखाया डर**

पीड़िता ने बताया कि 14 जनवरी को सुबह रविन्द्र के मोबाईल नंबर से उसके मोबाईल पर फोन आया और रवीन्द्र ने बात नही किया, किसी और ने बात कर उससे बोला कि रविन्द्र की मौत हो गई है, रविन्द्र के फोन में आखिरी काल आपका है, आप कहां रहती है, आपके पास उनकी पत्नि और परिवार वाले आ रहे है, जिसके बाद उसने घटना की जानकारी अपने देवर सुरेश पागे अपने दोस्त श्रीमति निवेदिता जेम्स को दी जिनके द्वारा बताया गया कि आपके साथ धोखाधडी हुई है। आरोपी रविन्द्र सिंह, अंकित धनेजा नामक व्यक्ति द्वारा एक राय होकर धोखाधड़ी करना पाये जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया।

# बगैर पूछे निकले पैसे, पिता ने डांटा तो बेटी ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत पुराना बाजार वार्ड न. 9 में एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि मृतिका ने मां के पर्स से बगैर पूछे पैसे निकाल लिए थे जिसको लेकर उसके पिता ने डांटा था। जिसके चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक रंजीत बर्मन 46 वर्ष निवासी वार्ड न. 9 पुरानी बाजार बरेला ने सूचना दी कि उसकी बेटी अंकिता बर्मन 16 वर्ष को मॉ सरिता बर्मन के पर्स से 500 रूपये निकालने के कारण बेटी से कहा कि बगैर पूछे पैसे क्यो निकाल लिये तो बताया कि बडी मम्मी के साथ मेला घूमने जाने के लिये रूपए निकाली थी तो उसने डांट कर बेटी से कहा कि बिना पूछे अब पैसे नहीं निकालना, बेटी अंकिता गुस्सा होकर बोली कि ठीक है अब पैसे नहीं निकालूंगी। सम्भवतः उसके द्वारा रूपये निकालने से मना से बेटी अंकिता ने दोपहर लगभग 12 बजे पंखे से चुनरी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# जीएसटी चोरी करने फर्मों ने गड़बड़झाला के साथ की हेराफेरी

▶ **स्टेट जीएसटी का छापा: स्टॉक मिलान, दस्तावेजों की जांच**



**जबलपुर।** रद्दी चौकी, महाराजपुर एवं बरेला में आयरन-स्टील और सीमेंट की फर्मों पर स्टेट जीएसटी की छापेमारी शुक्रवार को भी जारी रही। स्टॉक मिलान के साथ दस्तावेजों की जांच पड़ताल की गई। देर रात तक कार्रवाई पूरी न होने के चलते फर्मों के ठिकानों को सील कर दिया। आज पुनः कार्रवाई होगी। अब तक की जांच में फर्मों द्वारा जीएसटी चोरी करने गड़बड़झाला करने के साथ हेराफेरी किए जाने की बात सामने आ रही है। विस्तृत जांच के बाद फर्मों पर पेनाल्टी और जीएसटी चोरी की राशि तय होगी।

डिप्टी कमिश्नर राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि स्टेट जीएसटी जबलपुर संभाग 1 संयुक्त आयुक्त आर. एम साहू के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों ने एक साथ रद्दी चौकी स्थित अनिल ट्रेडिंग कंपनी, महाराजपुर स्थित बीएमडब्ल्यू प्राइवेट लिमिटेड और बरेला स्थित दादा ट्रेडिंग कंपनी छापेमारी की है। शुक्रवार को भी टीमों ने तीनों फर्मों के ठिकानों पर जांच पड़ताल की। माल स्टॉक के साथ दस्तावेजों को खंगाला। क्रय-विक्रय और लेनदेन से जुड़े जुटे दस्तावेजों की जांच हुई। लेखा जोखा टीमों ने खंगाला जिसमें जीएसटी चोरी से जुड़ी भारी गड़बड़ी सामने आ रही है। मामले की विस्तृत जांच के बाद टैक्स चोरी और पेनाल्टी राशि तय होगी।

**7 लाख का 14 किलो 267 ग्राम गांजा जप्त**

# गांजे के साथ दंपत्ति समेत तीन गिरफ्तार

**जबलपुर।** क्राइम ब्रांच एवं गढ़ा पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए गांजे की खेप के साथ पति-पत्नी समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 14 किलो 267 ग्राम गांजा कीमती लगभग 7 लाख रूपये का जप्त किया गया है। टीआई प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि बड्डा दादा ग्राउण्ड में क्राइम ब्रांच एवं गढ़ा पुलिस की संयुक्त टीमों ने दबिश देकर घेराबंदी करते हुए रविकांत जाटव पिता चरन सिंह जाटव 20 वर्ष निवासी सिंधी केम्प हनुमानताल एवं सिद्धांत बर्मन पिता मुकेश बर्मन 21 वर्ष, श्रीमति वंशिका पति सिद्धांत बर्मन 20 वर्ष दोनों निवासी बस्ती नम्बर 1 गोहलपुर को पकड़ा गया। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते तीनों की तलाशी ली गई। पिट्ठू बैगों में तीनों कुल 14 किलो 267 ग्राम गांजा कीमती लगभग 7 लाख रूपये का रखे मिले। जिसे जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ पूछताछ की जा रही है कि उक्त मादक गांजा कहां से और कैसे मिला समेत अब तक इसकी सप्लाई किसे की गई है। उल्लेखनीय है कि पकड़ा गया आरोपी रविकांत जाटव पूर्व में थाना बरगी में एनडीपीएस एक्ट के अपराध में पकड़ा जा चुका है।

# एमएलए कोर्ट में मानहानि प्रकरण पर अब 26 फरवरी को होगी सुनवाई

**मप्र विस के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित अन्य से जुड़ा प्रकरण**

**जबलपुर।** एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश डीपी सूत्रकार ने मध्य प्रदेश विधानसभा के वर्तमान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष व विधायक अजय सिंह राहुल व जबलपुर के विधायक लखन घनघोरिया के विरुद्ध मानहानि प्रकरण पर बहस के लिए 26 फरवरी की तिथि नियत कर दी है। विगत सुनवाई पर न्यायालय ने सभी को नोटिस जारी किए थे। दरअसल, विजय पांडे की ओर से दायर परिवाद में कहा गया है कि वे नेशनल हेल्थ मिशन के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के पद पर जबलपुर में पदस्थ थे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल सहित अन्य कांग्रेसी विधायकों ने पत्रकारवार्ता में उसकी अंकसूची को फर्जी तथा रिश्वत देकर नियुक्ति पाने के आरोप लगाए थे। कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने भी उनकी अंकसूची फर्जी होने का मामला विधानसभा में उठाया था। कांग्रेस विधायक ने पांच अगस्त को विधानसभा का वाक आउट भी किया था। जांच में उनकी मध्य प्रदेश शिक्षा बोर्ड की अंकसूची सही पाई गई थी। इसके अलावा जांच में कांग्रेस विधायक दल के आरोप गलत पाये गये थे। जिसके बाद यह मानहानि का मामला दायर किया गया था।

**बजट स्वीकृति पर अंतिम निर्णय नहीं होने पर कोर्ट सख्त**

उच्च न्यायालय के गेट नंबर 4 के सामने एडवोकेट चेंबर व मल्टी लेवल पार्किंग प्रोजेक्ट के लिए बजट स्वीकृति पर अंतिम निर्णय नहीं लेने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी व्यक्त की है। दरअसल शासन की ओर से दलील दी गई कि वित्त विभाग द्वारा परियोजना कार्यान्वयन इकाई से कुछ स्पष्टीकरण मांगे गए हैं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने अगली सुनवाई के दौरान वित्त विभाग के सचिव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ कर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। मामले पर अगली सुनवाई 28 जनवरी को होगी।हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि उक्त भवन का शिलान्यास 4 मई 2025 को हुआ था। हाईकोर्ट के गेट नंबर-चार के सामने करीब 117 करोड़ रुपये से आधुनिक लायर्स चैंबर और मल्टी लेवल पार्किंग बनना है। इसका भूमि पूजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जितेंद्र कुमार माहेश्वरी, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा, जस्टिस सूर्यकांत शर्मा और तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत की मौजूदगी में हुआ था। छह माह तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई।

## पार्सल बुकिंग पर रहेगी चार दिन की पाबंदी

**जबलपुर, नवभारत।** गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था देखते हुए रेलवे ने पार्सल बुकिंग 4 दिन के लिए रोक दी है। दिल्ली क्षेत्र की ओर जाने वाली ट्रेनों में पार्सल बुकिंग पर चार दिनों के लिए अस्थायी रोक रहेगी। यह प्रतिबंध 23 जनवरी से 26 जनवरी तक प्रभावी रहेगा। रेलवे प्रशासन के मुताबिक सुरक्षा कारणों से यह एहतियाती कदम उठाया गया है। आदेश के तहत 23 से 26 जनवरी तक दिल्ली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख स्टेशनों पर पार्सल का लेन-देन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# रीवा की घटना से यादव व ओबीसी समाज में आक्रोश

**घंटाघर चौक पर प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**



**नवभारत, जबलपुर।** रीवा जिले के थाना बैकुंठपुर क्षेत्र में रोहित यादव के साथ हुई मारपीट, जाति-सूचक शब्दों से अपमान और धार्मिक आस्था से जुड़ी शिखा (चोटी) जबरन उखाड़े जाने की घटना को लेकर यादव एवं ओबीसी समाज में भारी आक्रोश है। इसी के विरोध में घंटाघर चौक पर संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अनुसूचित जाति-जनजाति के सामाजिक संगठन, अखिल भारतीय यादव युवा महासभा एवं बौद्ध महासभा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारियों ने डिप्टी कलेक्टर को प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों दीपक पांडे एवं उसके साथियों की तत्काल गिरफ्तारी, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत कार्रवाई तथा पीड़ित को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। इस मौके पर संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संयोजक रामरतन यादव, बैजनाथ कुशवाहा, घनश्याम यादव, इंद्र कुमार पटेल, नोखे लाल प्रजा, रामराज पटेल, वृंदावन वर्मा, रामदास यादव, छोटे पटेल, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, सोमवारू कोल, डॉ. मोइन अंसारी, अमित पांडे, राजेंद्र पिल्ले, शशांक यादव, घनश्याम चक्रवर्ती, जितेंद्र यादव, अशोक यादव, संजय सेन, संजय यादव, एडवोकेट गया प्रसाद कुशवाहा, एडवोकेट परमानंद साहू, मनोज बाघमारे, प्रमोद सेन, प्रहलाद बौद्ध सहित बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गौर नदी के कायाकल्प की तैयारी, बनेगा चेक डेम



**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी की गौर नदी के गौरव को वापस लौटाने के लिए नगर निगम और स्थानीय प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', कैंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, निगमाध्यक्ष रिंकू विज और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने प्रशासनिक अमले के साथ गौर नदी के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गौरईया घाट की ऐतिहासिक महत्ता पर चर्चा की। इस दौरान अधिकारियों ने एक ऐसे स्थान की पहचान की है, जिसे 'डेम' का स्वरूप दिया जा सकता है। इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में जल स्तर को बढ़ाना, नदी के प्रवाह को व्यवस्थित कर जल संरक्षण करना, गर्मी के दिनों में जल संकट को दूर करना है। वहीं महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने स्थानीय ग्रामवासियों से मुलाकात की और उन्हें विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में गौर नदी का पूरी तरह से जीर्णोद्धार किया जाएगा। योजना के तहत नदी की सफाई, घाटों का सौंदर्यीकरण और वृक्षारोपण जैसे कार्य किए जाएंगे ताकि इस क्षेत्र को एक पर्यटन और पर्यावरण अनुकूल स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। निगमायुक्त ने अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

# दीनदयाल चौक, विजय नगर चौपाटी पर जमे अतिक्रमणों को हटाया गया

**नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते की कार्रवाई**




**नवभारत, जबलपुर।** निगमायुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा दीनदयाल बस स्टैंड, एस बी आई चौक में अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान अमले ने यहां से 40 टपरे अलग करते हुए 4 टपरे जब्त किए गए। साथ ही विजय नगर के पास लगी चौपाटी को अलग किया गया। कार्रवाई के दौरान दल प्रभारी जोसफ प्रवीण, कुलदीप त्रिपाठी सहित अतिक्रमण दस्ते के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान अमले द्वारा शहर भर में जगह जगह मुनादी की गई कि आगे से किसी भीं प्रकार का यातायात में बाधित अतिक्रमण न करे अन्यथा कि स्थिति में आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक और चालानी कार्रवाई की जाएगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी

## दहेज में चार लाख नहीं दिए तो महिला को घर से निकाला

जबलपुर। गढ़ा थाना अंतर्गत इंद्रा बस्ती में दहेज में चार नहीं दिए तो दहेज लोभियों ने महिला को घर से निकाल दिया। पुलिस ने प्रताड़ित करने वाले आरोपी पति, ननद, चाचा ससुर, चाची सास, के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि श्रीमती पूजा प्रजापति 27 वर्ष निवासी इंद्रा बस्ती गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी लगभग 8 वर्ष पहले हुई थी उसकी 6 वर्ष की बेटी है शादी के लगभग 2 माह बाद से पति मनोज एवं ननद निशा चक्रवर्ती, बुआ मीरा चक्रवर्ती, चाचा ससुर सनुील चक्रवर्ती एवं चाची सास ममता चक्रवर्ती मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे मायके से 4 लाख रूपये लाने के लिये कहते थे, पैसे लाने पर ही अच्छे से रखेगें, गुरुवार रात 8-30 बजे उसने रूपये लाने से मना किया इसी बात पर सभी ने उसके साथ हाथ मुक्को से मारपीट कर घर से बाहर कर दिये बोले दुबारा आयी तो जान से खत्म कर देंगे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

N.I.T. No./PWD-16/PRO No. 766 **द्वितीय सूचना** Dated:- 16/01/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | T.ID-2026_UAD_475786_1 DATE - 22/01/2026 | संभाग क्र. 16 ठक्करग्राम वार्ड अंतर्गत सिकंदर के मकान से हरिजन क्वार्टर के गेट तक सड़क का सीमेंटीकरण कार्य ।(अध्यक्ष अनुसंशा) | 03 माह<br>4.09 लाख | 2000/-<br>4097/- | 28/01/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**संभागीय यंत्री (लोककर्म) / कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)**
**नगर निगम, जबलपुर**